हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
12 जुलाई 2026, बरेली

PAGE.- 07 : MIDDLE

# देहदान का संकल्प लेने वाले सम्मानित

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को शनिवार को एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम देह से दिव्यता तक में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने देहदान का संकल्प लेने वाले सभी आधुनिक दधीचियों को अंग वस्त्र, पौध, स्मृति चिह्न, डोनर कार्ड और सर्टिफिकेट देकर आभार प्रकट किया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग की ओर से 11 जुलाई को क्लिनिकल एम्ब्रियोलॉजी : टेक्स्ट बुक से टेस्ट ट्यूब तक नाम से सीएमई का आयोजन हुआ। इसी के अंतर्गत देह से दिव्यता तक कार्यक्रम में देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को सम्मानित किया




डा.विश्राम सिंह को स्मृति चिन्ह देते एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ।

गया। इसमें इज्जतनगर स्थित बसंत विहार कालोनी निवासी एक ही परिवार की पांच बहनों अंजना शर्मा (48 वर्ष), कल्पना शर्मा (40 वर्ष), रंजना शर्मा (43 वर्ष), कंचना शर्मा (46 वर्ष), अल्पना शर्मा (38 वर्ष) को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आशुतोष सिटी की नीलिमा पाठक, कंजादासपुर की निर्मल भसीन, अलीगंज आंवला के आनंद प्रकाश गुप्ता, और उनकी पत्नी सुधा रानी, इंद्रानगर के अवनेश चंद्र सक्सेना, नेकपुर गल्ला मंडी निवासी रेलवे के सेवानिवृत्त टेक्नीशियन सुभाष चंद्र शर्मा, किच्छा निवासी पूनम चड्ढा को सम्मानित किया गया।